केन्द्रीय विद्यालय हटा (म. प्र.)
KENDRIYA VIDYALAYA HATTA (M.P.)

लालटेक, एसडीओपी कार्यालय के सामने हटा, जिला-दमोह (म. प्र.) – 470775
Laltek, Opposite to SDOP Office, Hatta, District-Damoh (M. P.) – 470775

Website URL: https://hattanagar.kvs.ac.in/ Email Id.: kvhattamp@gmail.com Phone: 07604-292222

KV Code: 2374 | CBSE School Code: 54165 | Affiliation No.: 1000106 | UDISE CODE: 23120411214

फ. क्र. के.वि. हटा/नीलामी/2026-27/847 दिनांक: 16.11.2026

नीलामी/विक्रय सूचना संबंधी नोटिस

(रद्दी सामग्री- पुराने अनुपयोगी सामानों के निस्तारण हेतु)

सर्वसाधारण एवं इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि विद्यालय के पुस्तकालय की फटी पुरानी किताबें एवं अनुपयोगी, चलन से बाहर हो चुकी रद्दी सामग्रियों का निस्तारण "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर खुली नीलामी द्वारा किया जाना है।

इच्छुक बोलीदाता/फर्म निर्धारित तिथि 20.11.2026 को विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। पूरी नीलामी प्रक्रिया विद्यालय द्वारा गठित अधिकृत समिति की देखरेख में संपन्न की जाएगी।

नीलाम होने वाली सामग्रियों का विवरण

1. फटी-पुरानी किताबें
2. अनुपयोगी कार्टून्स / खाली गत्ते (Empty Cartons / Cardboard Boxes)
3. टूटे-फूटे शीशे/प्लास्टिक एवं टीन के डिब्बे इत्यादि (कंज्यूमेबल आइटम्स) (Broken glass, plastic, and tin containers, etc. (consumable items))

नीलामी की समय-सारणी

1. सामग्री अवलोकन की तिथि व समय: दिनांक 19.11.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक
2. नीलामी की तिथि व समय: दिनांक 20.11.2026 को प्रातः 10:30 बजे से।
3. स्थानः विद्यालय प्रांगण, केन्द्रीय विद्यालय, हटा।

आधिकारिक नीलामी समिति (Auction Committee Members)

यह पूरी नीलामी प्रक्रिया विद्यालय प्रशासन द्वारा नियुक्त निम्नलिखित निस्तारण समिति के सदस्यों की प्रत्यक्ष निगरानी में पारदर्शी रूप से संपन्न होगी:

1. श्री सचिन कुमार उपाध्याय, पीजीटी - प्रभारी
2. श्री आनंद कुसमरिया, पुस्तकालयाध्यक्ष– सदस्य
3. श्री सुयश तिवारी, टीजीटी– सदस्य
4. श्री सूर्यकांत भोई, टीजीटी – सदस्य

मुख्य नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions):

1. सामग्री की स्थितिः समस्त सामग्रियां "जैसी हैं, जिस स्थिति में हैं" के आधार पर खुली बोली द्वारा बेची जाएंगी।
2. धरोहर राशि (EMD): नीलामी में भाग लेने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को ₹100/- (रुपये एक सौ मात्र) की धरोहर राशि नीचे दिए गए विद्यालय के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से जमा करनी होगी या समिति के समक्ष नकद जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। असफल बोलीदाताओं की राशि तुरंत वापस कर दी जाएगी।

3. विद्यालय बैंक खाता विवरण:
   - खाताधारक का नाम: KENDRIYA VIDYALAYA HATTA VVN AC
   - खाता संख्या (A/C No): 594701010050249
   - आई.एफ.एस.सी. कोड (IFSC): UBIN0559474
   - शाखा (Branch): HATTA

4. पहचान पत्र: बोलीदाता को अपने साथ आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
5. भुगतान की शर्त: सफल सर्वोच्च बोलीदाता को पूरी राशि तुरंत समिति के समक्ष नकद या विद्यालय के उक्त बैंक खाते में जमा करनी होगी।
6. सामग्री हटाना (तौल एवं उठान): सामग्री का वजन (यदि तौल के आधार पर हो) विद्यालय प्रांगण में समिति के सामने किया जाएगा। खाली डिब्बों को संख्यात्मक आधार पर उच्चतम बोली वाले को पूर्ण भुगतान के बाद सफल बोलीदाता को अपने स्वयं के खर्च और श्रम पर सामग्री को उसी दिन (20.11.2026) विद्यालय परिसर से बाहर ले जाना होगा।
7. पात्रता प्रतिबंध: केन्द्रीय विद्यालय का कोई भी शैक्षणिक या गैर-शैक्षणिक कर्मचारी इस नीलामी प्रक्रिया में सीधे या परोक्ष रूप से भाग नहीं ले सकता है।
8. प्राचार्य का अधिकार: किसी भी विवाद की स्थिति में अथवा बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा और समिति की अनुशंसा पर उनका निर्णय अंतिम होगा।

रितेश कुमार पटेल

(रितेश कुमार पटेल)
प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय हटा
Kendriya Vidyalaya Hatta
पिन 470775 / Pin- 470775

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:

1. उपायुक्त महोदय, के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर - सूचनार्थ
2. समस्त प्राचार्य, केविसं, जबलपुर संभाग- सूचनार्थ
3. वित्त अधिकारी, के.वि.सं., क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर - सूचनार्थ
4. निस्तारण समिति के प्रभारी एवं समस्त सदस्यों को आवश्यक कार्यवाही हेतु
5. विद्यालय सूचना पटल एवं आधिकारिक वेबसाइट प्रभारी- अपलोड करने हेतु
6. कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), हटा - सूचनापट हेतु
7. कार्यालय, नगर पालिका परिषद, हटा - सूचनापट हेतु
8. कार्यालय रिकॉर्ड।